# बास्केटबॉल टूर्नामेंट का रिजल्ट जारी

**NBT न्यूज, गुड़गांव :** स्कूली गेम्स केब्लॉक लेवल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 28 जुलाई से स्कूली गेम्स खेले जा रहे हैं, जिसमें इस बार 140 से अधिक टीमें शामिल हुई हैं। जिला सहायक अधिकारी जगदीश अहलावत ने बताया कि विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। अंडर-14 लड़कों के वर्ग में सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल की टीम पहले, लोटस वैली स्कूल दूसरे, अंडर-17 में सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल पहले, सेक्टर-45 स्थित डीपीएस दूसरे, अंडर-19 में श्री राम मोलसरीस्कूल पहले, शांत लोक स्थित डीपीएस दूसरे, लड़कियों के वर्ग में अंडर-14 में श्री राम मोलसरी पहले, सेक्टर-45 स्थित डीपीएस दूसरे, अंडर-17 में श्री राम मोलसरीस्कूल पहले, जैकबपुरा स्थित गवर्नमेंट स्कूल दूसरे स्थान पर रही। अंडर-19 में सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल की टीम पहले और गांव धनकोट स्थित गवर्नमेंट स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही।